बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में आई.पी.आर. प्रकोष्ठ एवं रसायन परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. मीना बया ने विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि किसी भी नवाचार को हमें पंजीकृत करवाना चाहिए। आई.पी.आर. की नोडल डॉ कुमुद इंटोदिया ने कार्यशाला की महत्ता पर जानकारी दी। डॉ. शिप्रा भारद्वाज ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। मुख्य वक्ता पेसिफिक विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र के प्रोफसर डॉ. रक्षित आमेटा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होने विस्तार से विभिन्न बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे कॉपीराइट ट्रेडमार्क जी आई पेटेंट इत्यादि की जानकारी दी। अपने दूसरे व्याख्यान में डॉ. रक्षित ने वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते तनाव और उससे उत्पन्न विभिन्न शारीरिक व मानसिक विकारों में रसायन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि किस प्रकार अच्छी और बुरी परिस्थिति में मानव शरीर में अच्छे और खराब हार्मोन का स्त्राव होता है जो इंसान के व्यवहार को निर्धारित करता है एवं जिसका सही संचालन व नियंत्रण न होने से आज के समय में कई परेशानियां उत्पन्न हो रही है। सभी के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि मात्र सही मार्गदर्शन से ऐसी कई परेशानियों से बचा जा सकता है। इस वर्कशॉप में विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 100 विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा संकाय सदस्यों ने भाग लिया। डॉ. जुजार हुसैन बोहरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. अपर्णा कुमावत ने किया।



5/10/2023